(15) S.O. 1106(E), dated the 6th March, 2024, entrusting certain sections of new NH-34 in the State of Uttar Pradesh, as mentioned therein, to the National Highways Authority of India.

(16) S.O. 1336(E), dated the 14th March, 2024, entrusting certain sections of NH-31 in the State of Bihar, as mentioned therein, to the National Highways Authority of India.

(17) S.O. 1761(E), dated the 22nd April, 2024, amending the Principal Notification No. S.O. 304(E), dated the 19th January, 2024.

(18) S.O. 1984(E), dated the 14th May, 2024, amending the Principal Notification No. S.O. 1426(E), dated the 5thMay, 2017.

(19) S.O. 2265(E), dated the 13th June, 2024, entrusting certain sections of NH-353I in the State of Maharashtra, as mentioned therein, to the National Highways Authority of India.

[Placed in Library. For (1) to (19), *See* No. L.T. 162/18/24]

Report and Accounts (2022-23) of NIFT, New Delhi and related papers

वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पबित्र मार्गेरिटा): महोदय, मैं राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान अधिनियम, 2006 की धारा 21 की उप धारा (4) के अधीन निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (अंग्रेज़ी तथा हिन्दी में) सभा पटल पर रखता हूँः-

(a) Thirty-Seventh Annual Report and Accounts of the National Institute of Fashion Technology (NIFT), New Delhi, for the year 2022-23, together with the Auditor's Report on the Accounts.

(b) Review by Government on the working of the above Institute.

(c) Statement giving reasons for the delay in laying the papers mentioned at (a) above.

[Placed in Library. *See* No. L.T. 163/18/24]

#MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS - *Contd.*

श्री सभापतिः जो सतीश चंद्र दूबे जी के साथ हुआ, वह मेरे साथ भी हुआ था। कई बार वह कागज नहीं होता है, तो फिर ऐसा होता है। इनके मंत्री बनने के बाद जब मेरी इनसे चर्चा हुई, I can tell you that his performance will be one of the best. ये बहुत ही committed हैं, passionate हैं और अपनी बात को समझते हैं। इसलिए मुझे थोड़ा अजीब लगा कि ऐसा व्यक्तित्व है, ये 9 बार तो

Further Discussion continued from 28.6.2024.

असेम्बली में जीते हैं। Am I right? और यहाँ आए। आपने तो ऐसे बहुत मौके देखे होंगे कि कई बार कागज नहीं होता है, तो बहुत ही कम लोग उस बात को पढ़ पाते हैं। He is one of the Ministers, जिनसे मेरी चर्चा हुई। He is enormously talented and will go a long way. Mark my words. Now, we will take up Further Discussion on the Motion moved by Shri Sudhanshu Trivedi on the 28th June, 2024. On the 2nd July, 2024, Shri Jagat Prakash Nadda had concluded his speech while participating in the discussion. आपने और एलओपी ने बराबर टाइम लिया। मैंने पहली बार देखा कि हाउस के अन्दर कुछ lighter moments भी आए, कुछ fireworks भी हुए और intellectual issues भी आए। It was a soothing spectacle. This change must continue.

विपक्ष के नेता (श्री मल्लिकार्जुन खरगे): आज क्या होगा, किसने जाना? ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापतिः खरगे जी, जब आप मेरे distinguished predecessor को - जिनका मैं बहुत सम्मान करता हूँ, उनके लेवल तक पहुँचना मेरे लिए मुश्किल है, जब आप उनको farewell address दे रहे थे, तब आपने कहा था कि "आगे मौसम कैसा आएगा, कितना सताएगा..।" ...(**व्यवधान**)... इमरान प्रतापगढ़ी ने वह आपको दे दिया, आपने पढ़ दिया और मेरा पदार्पण नहीं हुआ, आपने मेरा dossier लिख दिया। ऐसा मत कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री मल्लिकार्जुन खरगेः सर, मैंने बंगाल की हिस्ट्री को लेकर बोला था, इसके लिए नहीं बोला था। ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापतिः आप माननीय मुख्य मंत्री, वैस्ट बंगाल से पूछिए। हमारे संबंध ऐसे हैं कि उत्कृष्ट हैं, एक-दूसरे के प्रति सम्मानपूर्वक हैं। आप कभी उनसे बात कीजिए। जब अगली बार वे आएँगी, तब मैं आपको आमंत्रित करूँगा। किसी भी परिस्थिति के अन्दर संवैधानिक मर्यादा को लांघना मेरे मानस में नहीं है। यदि कभी गलती से ऐसा हो भी जाए, तो मैं तुरंत वापस आऊँगा।

कल आपका एक reaction आया, शायद आप मेरी भावना नहीं समझ पाए। मैं और आप एक ही वर्ग के हैं, उसकी चर्चा कर ही नहीं सकते। फिर कभी मैं आपके घर आकर आपसे बात करूँगा।

श्री मल्लिकार्जुन खरगेः सर, मैं खुद ही आपके घर आऊँगा। ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापतिः नहीं, सर।

श्री मल्लिकार्जुन खरगेः नहीं, नहीं। ...(**व्यवधान**)... आपने नये घर के बारे में नहीं बताया। आपने उधर के सब लोगों को बताया होगा, हम लोगों को नहीं बताया। आपका घर नया हो गया है। New house में entry हो गई है, गृह प्रवेश हो गया है। हम उसमें आएँगे, आपसे बात करेंगे।

श्री सभापतिः माननीय सदस्यगण, मैं कहने के लिए थोड़ा मजबूर हो रहा हूँ कि जिस दिन मैं नये घर में गया, मैंने तीन ही लोगों को फोन किया और माननीय खरगे जी उनमें से एक थे। आप भूल गए। मैंने आपको कहा कि मैं यहाँ प्रवेश कर रहा हूँ, परन्तु आप चुनाव में व्यस्त थे। दूसरा, मैंने आपको यह भी कहा - आपको याद होगा कि मैंने कहा - आपके सुपुत्र, जो मंत्री हैं और रिश्तेदार जो चुनाव लड़ रहे थे, मैंने शुभकामनाएँ भी दी थीं। आप याद करिए, वरना पूरा हाउस समझेगा कि मैं ऐसा व्यक्ति हूँ, जो सम्पर्क में नहीं हूँ। मेरे लिए सभा के नेता और सदन के विपक्ष के नेता सर्वोपरि हैं और अभी तक इनको भी मैंने formally आमंत्रित नहीं किया, क्योंकि आपसे चर्चा होनी है। ...(**व्यवधान**)... The Leader of the House, I would like to say that I will go by the diktat of the Leader of the Opposition. At a date and time chosen by him, we will meet at the new Vice-President Enclave. For the first time in this country, a dedicated residence, befitting the constitutional position the Vice-President holds, has been created. I will get in touch with you and have a date fixed.

I now call upon the Members whose names have been received for participation in the discussion. Shri Rwngwra Narzary. You have three minutes.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT (SHRI RAMDAS ATHAWALE): Sir*...(Interruptions)...*

MR. CHAIRMAN: No; I will go by the list.

SHRI RWNGWRA NARZARY (Assam): Hon. Chairman, Sir, I thank you for giving me this opportunity to speak on the Motion of Thanks on the President's Address. I rise to speak in support of the Motion of Thanks.

(MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.*)

The President's Address to the joint sitting of both the Houses of Parliament can be called as visionary roadmap of Narendra Modi Government for *Viksit Bharat* carrying clear vision and direction for taking the country to a new dimension. I express our deep appreciation and gratitude to the hon. President of India, Shrimati Draupadi Murmu, for her humble Address to the joint sitting of both the Houses of Parliament.

I, on behalf of my Party, the United People's Party Liberal (UPPL), would like to congratulate the hon. Prime Minister of India, Shri Narendra Modi, for his indomitable leadership enabling him to assume the third consecutive term as the Prime Minister of India. I express our deep appreciation and gratitude to the hon. President of India, Smt. Draupadi Murmu for her humble Address to the joint sitting of both the Houses of Parliament.

Hon. Deputy Chairman, Sir, on behalf of my Party, United People's Party Liberal (UPPL), I would like to congratulate hon. Prime Minister of India Shri Narendra Modi for his indomitable leadership enabling him to assume third consecutive term as the Prime Minister of India. I express my sincere gratitude and honour to him and his entire team of Government.

Sir, the Government of India led by Narendra Modi has left no stone unturned to touch every nook and corner of the country's needs of the people. The nation wanted Modi ji for the secure and developed Bharat and that is why the people of this great country, Bharat, once again, came out to elect the NDA Government, under the leadership of Shri Narendra Modi as the Prime Minister, for the third time.

Sir, I must appreciate the hon. Prime Minister, Modiji, for his comprehensive and inclusive policy towards the development of the North-Eastern Region of the country, which is reflected in the President's Address also.

During the last ten years of Government, Modiji's policy to bring sustainable peace in the northeast and accelerate the development simultaneously has been the priority. As a part of its priority, the Third Bodo Accord was signed in the year of 2020 through which Bodoland Territorial Region (BTR) was created and the Bodo Movement came to an end. Peace has been prevailing nowadays in the region. The Peace Bodo Accord has become torch bearer for resolving many disputes of northeast region prompting several militant and other organisations to join mainstream and come out with amicable agreement in the region.

Sir, in Assam, under the dynamic leadership of Dr. Hemanta Biswa Sarma, hon. Chief Minister of Assam, outstanding development works have been undertaken with a view to build Assam as one of the fifth developed States in the nation. People of Assam expressed and reaffirmed hope and aspiration upon Dr. Sarma by signifying their thumping support in the last Lak Sabha election, where 11 out of 14 seats won by the NDA under the leadership of Dr. Sarma.

Sir, Bodoland Territorial Region (BTR) was created under the provision of Sixth Schedule to the Constitution of India comprising near about four million people of various cast, creed and religion. The people of Bodoland, under the leadership of Sri Pramod Boro as Chief Executive Member, are living peacefully with harmony and integrity in the region after the Accord. (*Time-bell rings.*)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI RWNGWRA NARZARY: Sir, please give me 30 seconds. While supporting the Motion of Thanks on the President's Address, I would like to call upon the

Government of India to make it convenient to provide a little space for the accomplishment of Bodo Accord, 2020 in the Government's 100 days agenda.

Sir, under the Hydrocarbon Vision 2030, Shri Rameswar Teli, the then Minister of State for the Ministry of Petroleum and Natural Gas announced Government of India's decision to finance and support Bongaigaon Refinery (BGR) expansion from 2.7 to 5 million metric tonnes per annum, on 17th November 2021. (*Time-bell rings.*)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI RWNGWRA NARZARY: Sir, please give me 30 seconds more.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri Niranjan Bishi. You have five minutes' time. *...(Interruptions)...*

SHRI RWNGWRA NARZARY: I appeal to the Government of India to complete approval process for the BGR expansion as early as possible. With these few words, I conclude my speech. Thank you, Sir.

SHRI NIRANJAN BISHI (Odisha): Mr. Deputy Chairman, Sir, I thank you for giving me the opportunity to speak on the Motion of Thanks on the President's Address.

महामहिम राष्ट्रपति जी केवल हमारे ओडिशा का गर्व और गौरव नहीं हैं, हमारे देश का भी गर्व और गौरव हैं। मैं प्वाइंट 16 से शुरू करता हूँ। महामहिम राष्ट्रपति जी ने बोला था कि बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर का मानना था कि किसी भी समाज की प्रगति समाज के निचले तबकों की प्रगति पर निर्भर करती है। बाबा साहेब अम्बेडकर ने एक और गंभीर बात कही थी कि "I measure the progress of a community by the degree of progress which women have achieved."

सर, हमारे देश में 50.6 परसेंट शेड्यूल्ड ट्राइब्स और 33.3 परसेंट शेड्यूल्ड कास्ट्स below poverty line है। इसी तरह से शेड्यूल्ड ट्राइब्स के 68 परसेंट मेल और 49 परसेंट फीमेल लिटरेट हैं तथा शेड्यूल्ड ट्राइब्स की 51 परसेंट विमेन इलिटरेट हैं। इसी तरह से शेड्यूल्ड कास्ट के 50 परसेंट मेल और 48 परसेंट फीमेल लिटरेट हैं तथा शेड्यूल्ड कास्ट की 52 परसेंट विमेन इलिटरेट हैं। हमारे देश में निचले तबके में शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब के लोग हैं। जब आज़ादी के 75 साल बाद भी एससी-एसटी below poverty line में रहेंगे, इलिटरेट रहेंगे, तो निचले तबके के समाज की प्रगति कैसे होगी? मैं यह जानना चाहता हूँ कि निचले तबके के समाज की प्रगति कब होगी? एससी-एसटी कम्युनिटी कब तक देश की मुख्यधारा में शामिल होगी? इनको देश की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कौन-कौन सी योजनाएँ चल रही हैं? आखिर इसका

क्या कारण है कि एससी-एसटी कम्युनिटी आज तक देश की मुख्यधारा में शामिल नहीं हो सकी है?

हमने लिटरेसी के डेवलपमेंट के लिए एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल हर ब्लॉक में स्थापना करने की मांग की है। हमने एससी-एसटी के हायर एजुकेशन के लिए, क्वालिटी एजुकेशन के लिए, वोकेशनल एजुकेशन के लिए और प्रोफेशनल एजुकेशन के लिए एक सेंट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटी की डिमांड की, लेकिन वह भी पूरी होती नहीं है। सर, एससी-एसटी स्टूडेंट्स को ठीक टाइम में स्कॉलरशिप नहीं मिलती है। चाहे मिनिस्ट्री ऑफ ट्राइबल अफेयर्स हो या मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस एम्पावरमेंट, वह ठीक टाइम में स्कॉलरशिप नहीं देती है। हमारे देश में 20,13,78,000 शेड्यूल्ड कास्ट्स हैं और 10,22,81,000 शेड्यूल्ड ट्राइब्स हैं, यानी, 16.6% शेड्यूल्ड कास्ट्स और 8.6% शेड्यूल्ड ट्राइब्स हैं, लेकिन शेड्यूल्ड कास्ट्स को 15% रिजर्वेशन मिलता है और शेड्यूल्ड ट्राइब्स को 7.5% मिलता है, जो 1.6% कम है। सेंट्रल गवर्नमेंट डिपार्टमेंट में चाहे रेलवे डिपार्टमेंट हो, पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग हो, बैंकिंग सेक्टर हो, कॉरपोरेशन हो, उनमें कांग्रेस के जमाने में special recruitment drive for Scheduled Caste and Scheduled Tribe candidates होता था और सेंट्रल गवर्नमेंट के डिपार्टमेंट्स और स्टेट गवर्नमेंट के डिपार्टमेंट्स में एससी-एसटी कैंडिडेट्स को नौकरी मिलती थी, लेकिन अभी 10 साल में special recruitment drive for Scheduled Caste and Scheduled Tribe candidates क्यों नहीं हुआ? वह होना चाहिए। अगर शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स को नौकरी नहीं मिलेगी, तो वे देश की मेनस्ट्रीम में कब शामिल होंगे?

सर, ग्रुप डी की पोस्ट्स सेंट्रल गवर्नमेंट में भी होती हैं और स्टेट गवर्नमेंट में भी होती हैं। ग्रुप डी की पोस्ट्स पर्टिकुलरी सेंट्रल गवर्नमेंट के रेलवे में होती हैं, डिफेंस फैक्ट्रीज़ में होती हैं और सेंट्रल गवर्नमेंट के हर डिपार्टमेंट में होती हैं, लेकिन ग्रुप डी की पोस्ट्स को abolish कर दिया गया है। जहां peon होते हैं, watchman होते हैं, night watchman होते हैं, सफाई कर्मचारी होते हैं, sweeper होते हैं, वहाँ उनकी पोस्ट्स को abolish कर दिया गया है। जिन पोस्ट्स पर 99 परसेंट एससीज़-एसटीज़ काम करते थे, उनको जॉब मिलती थी, उन पोस्ट्स को abolish कर दिया गया है। उन्हें क्यों abolish किया गया है? क्या एससीज़-एसटीज़ के लिए इनकी मंशा ठीक नहीं है? क्या गवर्नमेंट एससीज़-एसटीज़ के विरोध में काम करती है? सर, हमारे देश में 95 particularly vulnerable tribal groups हैं, जिनकी जनसंख्या 10 करोड़, 43 लाख के भीतर 28 लाख है। जो particularly vulnerable tribal groups हैं, उनकी भाषा, बोली, धर्म, उनका जीवन, उनकी जीविका, उनकी प्रथा, परंपरा, जमीन और जंगल धीरे-धीरे खत्म होते जा रहे हैं। सर, हमारी जो मुंडारी, भूमिज, होई, सोरा आदि आदिवासी भाषाएं है, उनको भी यह सरकार अनुसूची में शामिल नहीं करती है। 100 से भी अधिक जो आदिवासी कम्युनिटीज़ हैं, उनको शामिल नहीं किया गया है। हाँ, हम क्रांतिवीर बिरसा मुंडा के जन्मदिन को "आदिवासी गौरव दिवस" के रूप में मनाते हैं, इसका हम स्वागत करते हैं, लेकिन बिरसा मुंडा ने जो लड़ाई लड़ी थी, उसमें जन, जंगल... *

---

* Not recorded.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you, Niranjan Bishi *ji*. माननीय श्री रामजी, आपके तीन मिनट हैं।

श्री रामजी (उत्तर प्रदेश): मान्यवर, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद। साथ ही, मैं अपनी पार्टी की मुखिया, आदरणीय बहन कुमारी मायावती जी का भी आभार व्यक्त करता हूँ।

मान्यवर, राष्ट्रपति जी के भाषण में विकसित भारत की बात की गई, लेकिन विकसित भारत की बात तब तक अधूरी है, जब तक संविधान के चारों प्वाइंट्स, जो उसके प्रिएम्बल में लिखे हैं, वे पूरे नहीं किए जाते। जस्टिस में सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय आज भी इस देश के अंदर दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को नहीं मिला। मान्यवर, इसमें सरकार को विशेष ध्यान देना पड़ेगा। मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूँ कि प्रमोशन में रिजर्वेशन का जो बिल पेंडिंग पड़ा है, उसे पूरा कराया जाए, प्राइवेट सेक्टर में रिजर्वेशन दिया जाए। साथ ही, विकसित भारत की बात इस देश में तब तक नहीं हो सकती, जब तक हम शिक्षा की तरफ नहीं बढ़ेंगे। जितनी भी इस देश के बाहर की कंट्रीज़ हैं, डेवलप्ड कंट्रीज़ हैं, वे एजुकेशन के दम पर, साइंस एंड टेक्नोलॉजी के दम पर आगे बढ़ी हैं, लेकिन आज शिक्षा का बाजारीकरण किया गया, शिक्षा को तमाम सरकारों ने गरीबों से पीछे धकेलने का काम किया। आज शिक्षा गरीबों से बहुत दूर होती नजर आ रही है, इस पर भी मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि गरीबों की शिक्षा फ्री की जाए।

साथ ही, जातिवाद एक बड़ा जहर है। जब तक हमारी सोच विकसित नहीं होगी, हम जातिवाद से बाहर नहीं निकलेंगे, तब तक बात नहीं बनने वाली है। पूरे देश के अंदर जातिवाद की घटनाएं बढ़ीं, अत्याचार की घटनाएं बढ़ीं। अभी कुछ दिन पहले उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में एक दलित युवक को थाने में और वहां पर जेल के अंदर पीट-पीटकर मार डाला गया। ऐसी कई घटनाएं देखने को मिलती हैं। मान्यवर, एक दुर्भाग्य की घटना घटी। हरिद्वार के अंदर 13 साल की एक बच्ची के साथ कई लोगों ने बलात्कार किया। मान्यवर, ये घटनाएं दुखद हैं, इन पर भी सरकार को रोक लगानी चाहिए और देश में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए।

मान्यवर, मैं एक और बात कहना चाहता हूं कि पिछले कई सालों से इस देश के अंदर दलित और आदिवासी लोग सरकारी ज़मीन पर मकान बना कर रहते हैं, उनके पास कोई कागज़ नहीं हैं। वे सदियों से रह रहे हैं, लेकिन सरकार ने पिछले कई सालों से सरकारी ज़मीन खाली कराने के नाम पर बुल्डोज़र से मकान तोड़ दिए, जिससे वे बेचारे बेघर हो गए। दलितों, आदिवासियों और मुसलमानों के मकान तोड़े गए। इस पर भी सरकार को ध्यान देना चाहिए। सरकार पूरे देश की है, जनता की है, चाहे वे दलित हों, आदिवासी हों और चाहे वे पिछड़े समाज के हों। मान्यवर, अंत में मैं यह कहना चाहता हूं कि किसान सम्मान निधि देना अच्छी बात है, लेकिन कभी आपने सोचा कि जो कृषि श्रमिक काम करते हैं, जिन्हें खेतिहर मज़दूर कहते हैं, वे सिर्फ दो-तीन महीने की income पर depend करते हैं।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि जो खेतिहर मज़दूर हैं, कृषि श्रमिक हैं, उनको भी 'किसान सम्मान निधि' की तरह कृषि श्रमिक निधि देने का काम सरकार करे। साथ ही मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि एस.सी./एस.टी. के लोगों को आर्थिक न्याय कैसे मिलेगा? एस.सी./एस.टी. के लोगों को उनके पैर पर खड़ा करना पड़ेगा। कई सालों

से इस देश के अंदर एस.सी./एस.टी. के लोगों को कहीं पट्टे नहीं दिए गए, कहीं ज़मीन के पट्टे नहीं दिए जा रहे हैं, जबकि उत्तर प्रदेश के अंदर वर्ष 2007 से वर्ष 2012 के बीच बहन कुमारी मायावती जी ने साढ़े चार लाख हैक्टेयर ज़मीन एस.सी./एस.टी. और ओबीसी के भूमिहीन लोगों को देने का काम किया था। मैं यही बातें आपके माध्यम से कहना चाहता हूं।

साथ ही, अंत में, मैं वर्ष 2018 की घटना को बताना चाहता हूं, जब एस.सी./एस.टी. एक्ट को खत्म किया गया, सुरक्षा कवच को खत्म किया गया, तब वहां आंदोलन हुआ, उस आंदोलन में लाखों बच्चों के ऊपर मुकदमे किए गए, लेकिन सरकार से मैंने कई बार आग्रह भी किया है कि उन मुकदमों को खत्म कर दे। जब आपने बात को मान लिया है, एस.सी./एस.टी. कानून को वापस भी कर लिया है, तो उनके ऊपर लगे मुकदमे भी वापस कर लें, यह मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है। धन्यवाद। जय भीम, जय भारत!

श्री उपसभापतिः श्री संजय कुमार झा, आपके पास बोलने के लिए 5 मिनट का समय है।

श्री संजय कुमार झा (बिहार)ः धन्यवाद उपसभापति महोदय। यह मेरी मेडन स्पीच है, मैं पहली बार बोल रहा हूं। मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे महामहिम राष्ट्रपति महोदया के अभिभाषण पर अपनी बात रखने का मौका दिया। मैं अपने नेता नीतीश कुमार जी का भी आभार व्यक्त करना चाहूंगा कि उन्होंने मुझे उच्च सदन में भेजकर अपनी बात रखने का मौका दिया।

उपसभापति महोदय, अभी चुनाव हुआ और शायद देश में दूसरी बार किसी नेता के नेतृत्व में एनडीए ने तीसरी बार अपनी सरकार बनाई। लोग कहते हैं कि 60 साल पहले नेहरू जी के समय में सरकार बनी थी, लेकिन यह unprecedented जीत हुई। मैं बिहार से आता हूं। मैं बिहार की जनता को भी धन्यवाद देता हूं कि हम लोग वहां 40 में से 30 सीट्स जीत कर आए हैं। आपकी सूचना के लिए बता दूं कि बिहार में बहुत सारी लोक सभा सीट्स पर पुरुषों की तुलना में 10 परसेंट से ज्यादा महिलाओं ने वोट किया है। उसकी वजह यह है कि 17-18 साल में जो एनडीए सरकार ने महिलाओं के लिए काम किया, उसका प्रभाव अब ज़मीन पर दिखाई पड़ रहा है। मैं आपके संज्ञान में एक बात और लाना चाहता हूं कि वर्ष 2006 में बिहार में पहली बार पंचायत में 50 परसेंट महिलाओं को आरक्षण दिया गया। यहां विरोधी दल के नेता बैठे हुए हैं। उससे पहले बिहार में पंचायत में दलित एवं अति पिछड़ों के लिए कोई आरक्षण नहीं था। वर्ष 2006 में जब एनडीए की सरकार आई, तब वहां दलित और अति पिछड़ों को पंचायत में आरक्षण मिला। मैं आपके संज्ञान में एक और विषय लाना चाहता हूं कि राष्ट्रपति महोदया ने आपातकाल की चर्चा की, बिहार तो सबसे बड़ा ग्राउंड है आपातकाल पर चर्चा करने के लिए कि सबसे बड़ा मूमेंट बिहार से जय प्रकाश नारायण जी के नेतृत्व में आपातकाल के खिलाफ शुरू हुआ, लेकिन मैं रीसेंट बात की चर्चा करना चाहता हूं। वह तो वर्ष 1975 की बात है। मैं आपके माध्यम से सदन को बताना चाहता हूं कि वर्ष 2005 में बिहार में क्या हुआ। वर्ष 2005 में यूपीए की सरकार थी। फरवरी में वहां चुनाव हुआ। फरवरी में जब वहां चुनाव हुआ, तब वह हंग असेम्बली हुई। एक-दो महीने के बाद नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में बहुत लोगों का समर्थन मिल गया और अगले दिन वे सरकार फॉर्म करने जाने वाले थे। उस समय बिहार के गर्वनर बूटा सिंह जी थे। रात में कैबिनेट की मीटिंग होती है। देर रात कैबिनेट की मीटिंग होती है। बिहार में राष्ट्रपति शासन लगाया जाता है। उस समय के राष्ट्रपति

मास्को में थे। मॉस्को में फैक्स से कागज भेजकर साइन कराकर बिहार में राष्ट्रपति शासन लगाया गया। यह इनका संविधान के प्रति प्रेम है। मैं यहां उस समय की दो बातें क्वोट करना चाहता हूं। एक उनके लॉ मिनिस्टर हंस राज भारद्वाज जी थे। उन्होंने कहा और मैं रिकॉर्ड बता रहा हूं - Former Union Minister H.R. Bhardwaj on Thursday revealed that he was under tremendous pressure from the Manmohan Singh Government to get a favourable order from the Supreme Court, which was examining the UPA Government's decision to impose President's Rule in Bihar in 2005 to prevent the JD(U)-BJP combine from coming to power. Bhardwaj said he had even met the Chief Justice Y.K. Sabharwal, who headed the Constitution Bench, which dealt with the case to get a favourable judgment but could not summon the nerves to broach the topic. The five-Judge Bench had held that imposition of President's Rule was a misuse of Article 356 and was clearly politically motivated based on a report by the then Governor Buta Singh. The former Law Minister said that Justice Sabharwal was a family friend but was a very tough Judge. "I could not muster the courage to ask for any favour on the issue from Sabharwal when we met over a cup of coffee," he said at a function to inaugurate the Moot Court Hall of National Law University, Delhi, named after Late Justice Sabharwal. Finance Minister, Shri Arun Jaitley, who had attacked the UPA for imposing President's Rule in Bihar, was also present at the function. यह हंस राज भारद्वाज जी ने कहा था। मैं उस समय के राष्ट्रपति जी की किताब Turning Points: A Journey through Challenges by A.P.J. Abdul Kalam, से उन्हें क्वोट कर रहा हूं। As soon as the verdict was known, I wrote a letter of resignation, signed it and kept it ready to be sent to the Vice-President, Shri Bhairon Singh Shekhawat, who was a seasoned politician and a lawyer. The Vice-President was away. Meanwhile, the Prime Minister wanted to see me for some other discussion. We met in my office in the afternoon. After finishing the discussion, I said that I have decided to resign from the post of President and showed him the letter. The Prime Minister was disturbed. The scene was touching and I do not want to describe it. वे मनमोहन सिंह जी के बारे में बोल रहे हैं। The Prime Minister pleaded that I should not do it at this difficult time. He said that as a result of the furore that would be created, even the Government might fall. उस वजह से मैंने इस्तीफा नहीं दिया। अब ये जो संविधान लेकर घूम रहे हैं, यह मैं बिहार की घटना बता रहा हूं कि कैसे उनके जो लॉ मिनिस्टर थे, वे बोल रहे थे कि उन पर प्रैशर डाला गया कि जजमेंट अपने फेवर में लेकर आइए। कैसे रात में जाकर कलाम साहब से साइन कराकर इम्पोज़ किया गया और फिर कंस्टीट्यूशन बैंच ने जजमेंट दिया। यह मैं इसलिए बता रहा हूं, क्योंकि सरकार कहां से चलती थी।...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः संजय जी की मेडन स्पीच है।

श्री संजय कुमार झाः सरकार कहां से चलती थी। एनएसी बना हुआ था। वे सारी सुपर पीएम की पावर लेकर बैठी हुई थीं, सारी डायरेक्शन वहीं से होती थी और उन्होंने ही इम्पोज़ करवाया और आज ये लोग संविधान की बात करते हैं!

सर, मैं एक विषय और टच करना चाहता हूं। मैं देखता हूं कि आजकल जो उस हाउस में प्रतिपक्ष के नेता हैं, वे हमेशा जातीय जनगणना की बात करते हैं। बिहार पहली स्टेट है, जो नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में जातीय जनगणना पर अपना काम कर चुकी है और जातीय जनगणना की फाइंडिंग आ गयी है। उस पर आरक्षण बढ़ाना था, उस पर काम कर लिया गया है। अभी हाई कोर्ट में रोक लग गई है, इसलिए बिहार सरकार सुप्रीम कोर्ट गई है। जो गरीबों की संख्या थी उसकी भी काउंटिंग कर ली गई है। यह एनडीए सरकार में हुआ है। यह जेडीयू-बीजेपी की कैबिनेट के द्वारा किया गया और वे इतने दिन सरकार में रहे, कहीं पर जातीय जनगणना नहीं हुई है। कर्णाटक में इन्होंने किया भी, तो आज तक उसकी रिपोर्ट पब्लिश नहीं हुई है। अकेले बिहार की सरकार है, नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में, जिसने इस रिपोर्ट को पब्लिश किया है।

सर, मैं एक-दो विषय और टच करना चाहता हूं। नीट के मामले में बिहार पुलिस ने बहुत बढ़िया काम किया है। बिहार पुलिस ने ही उसको पकड़ा उसको unearth किया है। कल इसके ऊपर प्रधान मंत्री जी की भी बात आ गई है कि इस पर कार्रवाई की जाएगी और हम लोग भी अपेक्षा करते हैं कि अभी सीबीआई के पास मैटर है, इस पर जल्दी से जल्दी कार्रवाई की जाएगी।

एक विषय और है कि कितना बदलाव इस सरकार के द्वारा आया है और लोगों का विश्वास जगा है। मैं एक सेक्टर को टच करके अपनी बात खत्म करूंगा और वह बैंकिंग सेक्टर है। यूपीए के समय में फोन बैंकिंग होती थी, आप फोन कर दीजिए, बड़ा-बड़ा लोन मिल जाएगा, लेकिन इस सरकार में, मैं डेटा देख रहा था, करीब 52 करोड़ जनधन खाते खुले, 26 लिस्टेड बैंकों में 14 निजी, 7 पब्लिक और 5 छोटे फाइनेंस बैंक हैं, जिनका मार्च, 2024 तक NPA less than one per cent है। मोदी जी प्रधान मंत्री बने, उस समय demat account 2 करोड़ थे और आज demat account 15.2 करोड़ हैं। वर्ष 2024 में हर महीने 30 लाख नए demat account खुल रहे हैं। Digital transaction — यह इंडिया में ninety fold बड़ा है 10 साल में, 90 per cent, ninety fold बढ़ा है। Indian account में 46 per cent of all digital payment in the world and UPI transaction may now account 80 per cent of digital payment in India. 2012-13 में total digital payment 162 करोड़ altogether और 2023-24 यह 14,726 करोड़ digital payment हुआ है। ...(**समय की घंटी**)... लोगों का banking sector में कितना confidence आया है, यह मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता था।

अंत में, दो बातें और रखकर मैं अपनी बात समाप्त करूंगा। मैं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को धन्यवाद देता हूं, आप बिहार को जानती हैं और उत्तर बिहार में, खासकर के वहां जो बाढ़ की समस्या है, उसको लेकर उन्होंने personal initiative लिया है, उसके permanent solution के लिए, जो कि एक बड़े chunk को impact करता है। उन्होंने personal initiative लेकर अपने office में meeting करके एक team बनाई है, जो constitute भी हो गई है, जो बिहार जा रही है और इस पर जल्दी ही काम शुरू होगा। इससे एक बड़ा काम बिहार के लिए हो जाएगा, अगर इसका कोई solution निकल जाता है तो। दूसरा, हमारे सदन के नेता बैठे हुए हैं, नड्डा साहब, जो स्वास्थ्य मंत्री हैं ...(**समय की घंटी**)... मैं निवेदन करूंगा, दरभंगा AIIMS इन्हीं

का दिया हुआ है, आप ही का दिया हुआ है, वहां पर जगह तय हो गई है, उसका अगर fast pace पर काम शुरू हो जाएगा, तो इससे उत्तर बिहार के लिए एक बड़ा काम हो जाएगा। यही बात आपके बीच में रखते हुए, मैं अपनी बात समाप्त करता हूं, बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री उपसभापतिः बहुत-बहुत धन्यवाद संजय कुमार झा जी।

श्री दिग्विजय सिंह(मध्य प्रदेश)**:** आपने बिहार को स्पेशल कैटेगरी देने की बात....

श्री उपसभापतिः माननीय दिग्विजय सिंह जी, please take your seat. ...*(Interruptions)*... श्री कुँवर रतनजीत प्रताप नारायण सिंह, आप पांच मिनट बोलिएगा। ...(**व्यवधान**)... आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है। ...(**व्यवधान**)... please take your seat. ...*(Interruptions)*...

श्री कुँवर रतनजीत प्रताप नारायण सिंह (उत्तर प्रदेश)**:** उपसभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। इस सदन में तीन दिनों से चर्चा चल रही थी, तो मैंने नेता प्रतिपक्ष का भाषण सुना और नेता सदन का भी भाषण सुना। मैं तो किंकर्तव्यविमूढ़ हो गया कि मुझे यही नहीं समझ आ रहा था कि सरकार किसकी बनी है। वहां से ऐसे भाषण आए कि लग रहा था कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सरकार नहीं, बल्कि इंडी एलाइंस की सरकार बनेगी। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. ...*(Interruptions)*... Please seat पर बैठकर मत बोलिए। ...(**व्यवधान**)... सीट पर बैठकर मत बोलिए।

श्री कुँवर रतनजीत प्रताप नारायण सिंहः जिस तरह का इनका उद्बोधन रहा है... उपसभापति महोदय, मैं इनसे यह कहना चाहता हूं, ये जो सदमे में हैं रिजल्ट के बाद से, देश का भविष्य और अच्छा होगा और ये लोग सदमे से निकलें। उनको साफ तौर से पता चलना चाहिए - मैं समझ सकता हूं कि वे सदमे में क्यों हैं? वे सदमे में इसलिए हैं, क्योंकि साठ साल बाद मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार एक सरकार बनकर आई है। इनको सदमा और इतनी तकलीफ इसलिए है कि यह कैसे हो सकता है कि कोई नेहरू जी का रिकॉर्ड तोड़ सकता है, एक पिछड़ा, गरीब और चाय वाले का बेटा तीसरी बार इस देश का प्रधान मंत्री बन सकता है! महोदय, इसीलिए इन्हें बहुत चिंता सता रही है और ये जब तक इस सदमे से नहीं निकलेंगे समस्या होगी। हमने जिस तरह की चर्चाएं इस हाउस में देखी हैं, उनके लिए मैं साफ तौर पर कहना चाहता हूं कि इनको एक बार फिर से रिज़ल्ट को अच्छी तरह से परख लेना चाहिए। देश में जो रिज़ल्ट आया है, उसके हिसाब से कांग्रेस पार्टी ने 99 सीटें जीती हैं, जो सिर्फ 18 परसेंट होता है। इनको 99 सीटें जीतने पर इतना घमंड है। आप यह समझिए कि अगर 150 सीटें जीत ली होतीं, तो कितना घमंड होता! इन्हें 99 सीटें जीतने पर इतना घमंड है, लेकिन हमारे लिए बताते हैं कि हमें घमंड नहीं होना चाहिए।

(**सभापति महोदय** *पीठासीन हुए।*)

सभापति महोदय, मुझे बहुत खुशी हुई कि इन्होंने इतनी बार प्रभु श्रीराम का नाम लिया, अयोध्या का नाम लिया। इलेक्शन से पहले तक मंदिर जाने पर कई लोगों को पार्टियों से निकाल दिया जाता था, भगवान राम का नाम लेने से डरते थे, लेकिन प्रभु राम की लीला देखिए कि प्रभु राम ने पाँच-सात सीटें क्या जिता दीं, सुबह से लेकर शाम तक प्रभु राम और अयोध्या का ही नाम ले रहे हैं। यह लीला है प्रभु श्रीराम की। मैंने साफ तौर से कहा है - अभी इलेक्शन की ही चर्चा हो रही थी, इलेक्शन में सिर्फ लोक सभा की ही जीत नहीं हुई है, इन्हें ओडिशा में नंबर देखने चाहिए, इन्हें आंध्र प्रदेश में देखना चाहिए, इन्हें अरुणाचल प्रदेश में देखना चाहिए, सिक्किम में देखना चाहिए कि इनकी कितनी बड़ी हार हुई है। मैं साफ तौर से यह कहना चाहता हूं कि जब गाँधी जी ने तीन बंदरों के बारे में जिक्र किया था कि बुरा न देखो, बुरा न सुनो और बुरा न बोलो, तब उन्होंने इस बात के लिए मना नहीं किया था कि अच्छी चीज़ें न देखो, अच्छी चीज़ों के बारे में न बोलो और अच्छी बातों के बारे में न सुनो। दिक्कत यह है कि मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनी है, उन्हें यह संकट है कि सरकार कैसे बनी है और कैसे बन गई। भारतीय जनता पार्टी जो साफ तौर से कहती है, एनडीए कहता है, वह करके दिखाता है। गरीबों के लिए हमने सिर्फ नारे नहीं दिए हैं कि गरीबी हटाओ, बल्कि आज हमने गरीब को सहारा दिया है। इस सरकार ने गरीब को सहारा दिया है और राष्ट्रपति जी ने अपने उद्बोधन में साफ तौर से इसका जिक्र भी किया है। आपने हमेशा देखा है, हमारे विपक्ष के तमाम नेताओं ने साफ तौर से कहा है कि यह सरकार अमीरों के लिए है। अगर आज गरीबों को 5 करोड़ आवास मिलते हैं..(**व्यवधान**).. ऐसी बात है और अगर कांग्रेस पार्टी टीका-टिप्पणी करना चाहती है, तो मैं इस पर कुछ नहीं कहना चाहता हूं, पर इतना साफ कहना चाहता हूं कि जब उधर था, तो लीडर ही था, * नहीं था, अगर इधर भी हूं, तो लीडर हूं, * नहीं हूं। ..(**व्यवधान**).. ये तीसरी बार क्यों वापस आए? हम तीसरी बार क्यों आए? हम इसलिए आए हैं, क्योंकि मोदी जी ने गरीबों के बारे में सोचा, दलितों के बारे में सोचा, पिछड़ों के बारे में सोचा। आज 4-5 करोड़ आवास गरीबों को दिए गए हैं।..(**समय की घंटी**).. और फिर से 3 करोड़ आवास देने वाले हैं। आज 80 करोड़ लोगों को अनाज दिया जाता है। मेरा समय समाप्त हो गया है, इसलिए मैं इसी में sum-up करना चाहता हूं।

सभापति महोदय, आज संविधान की बात हो रही है। मुझे बड़ी खुशी है कि 75 साल बाद आज विपक्ष को अमृत काल में कम से कम कॉंस्टीट्यूशन को दिखाने की ताकत तो आई, क्योंकि उन्होंने उसे आज तक फॉलो नहीं किया है। ..(**व्यवधान**)..

MR. CHAIRMAN: Thank you.

श्री कुँवर रतनजीत प्रताप नारायण सिंहः और नेता पक्ष ने बहुत साफ तरीके से उसका जवाब दिया था। मैं अंत में सिर्फ यही कहना चाहूंगा कि देश ने आपको विपक्ष में बैठने का मौका

* Expunged as ordered by the Chair

दिया है, आप इस देश को विकसित बनाने के लिए मिलकर कार्य करें। सभापति जी, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Now, Dr. K. Laxman.

डा. के. लक्ष्मण (उत्तर प्रदेश): सभापति महोदय, मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूँ। सभापति महोदय, आपको इसलिए धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे महामहिम राष्ट्रपति जी के इस महत्वपूर्ण अभिभाषण पर बोलने का अवसर दिया है। राष्ट्रपति जी का अभिभाषण ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण इसलिए है, क्योंकि यह मोदी जी की सरकार के दस सालों के अद्भुत कार्यों का एक विवरण ही नहीं है, बल्कि इसमें आने वाले स्वर्णिम काल, विकसित भारत के संकल्प का भी उल्लेख किया गया है। सभापति जी, 2024 के चुनाव की प्रक्रिया इसलिए महत्वपूर्ण थी, क्योंकि लोक सभा चुनाव के साथ चार राज्यों का भी चुनाव हुआ था। *Bharat* being one of the oldest democratic countries in the world, I feel proud that *Bharat* is the mother of democracy. छः दशकों के बाद मोदी जी की सरकार को यह तीसरी बार जनादेश प्राप्त हुआ है। ऐसा लगभग छः दशकों के बाद, 1960 के बाद हुआ है। नेहरू जी तीसरी बार प्रधान मंत्री बने थे। उनके बाद नेहरू परिवार के अनेक सदस्य प्रधान मंत्री बने थे, मगर किसी को भी तीसरी बार प्रधान मंत्री बनने का मौका प्राप्त नहीं हुआ। जो जनादेश इस चुनाव में दिया गया है, सिर्फ और सिर्फ मोदी जी ही तीसरी बार प्रधान मंत्री बन सके हैं। लगभग 40 साल से बीजेपी के अलावा कोई दल 240 सीटें पाता नहीं दिखता है, फिर भी आज हमारे विपक्ष के नेता जश्न मना रहे हैं। आज एनडीए सरकार को पूर्ण बहुमत मिलने के बावजूद भी बीजेपी को अकेले 240 सीटें प्राप्त हुई हैं। एनडीए सरकार को 293 सीटों के साथ बहुमत मिलने के बावजूद भी, जिन्हें आज 100 सीटों की संख्या भी प्राप्त नहीं हुई, वे आज हमारे एनडीए गठबंधन के साथ तुलना करना चाहते हैं और जश्न मना रहे हैं। सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से बताना चाहता हूँ कि आज जो हमारी 240 सीट्स आई हैं, उसके मुकाबले पूरा इंडिया गठबंधन मिलाने के बावजूद भी 233 सीट्स ही बनती हैं, मगर हमारे विपक्ष के नेता बार-बार बता रहे हैं कि आप इस चुनाव में हार गए हैं, क्योंकि आपने 400 पार का जो नारा दिया था, वह प्राप्त नहीं हुआ। मैं कहना चाहता हूँ कि अगर कोई पैरेंट्स अपने लड़के को परीक्षा में 100 मार्क्स प्राप्त करने का लक्ष्य देते हैं, तो परीक्षा में उसके 90 मार्क्स आने के बाद, हमारे काँग्रेस के नेता बोलते हैं कि यह बच्चा फेल हो गया है। एक लड़का 100 मार्क्स के लिए परीक्षा में... ...(**व्यवधान**)... सभापति महोदय, दूसरी ओर एक लड़का, जो 100 मार्क्स के लिए परीक्षा में हाजिर होता है, वह सिर्फ और सिर्फ 25 मार्क्स प्राप्त होने के बाद समझता है कि परीक्षा में पास हो गया है।

12.00 P.M.

मैं विपक्ष के नेता को बताना चाहता हूं कि आज लगातार तीन चुनावों 2014, 2019 और 2024 में कांग्रेस को जो सीट्स प्राप्त हुईं - आज अकेली भारतीय जनता पार्टी को 240 सीट्स प्राप्त हुई हैं, लेकिन उनको 200 सीट्स भी प्राप्त नहीं हुईं। अगर बच्चा एक बार फेल हो गया, तो समझ सकते

हैं और उसको सप्लिमेंटरी एग्जाम में बिठा सकते हैं। मगर कांग्रेस नेता के नेतृत्व में लगातार तीन बार फेल होना, यह कांग्रेस से ही संभव हुआ है और आपके कांग्रेस के नेता से ही संभव हुआ है। आप सप्लिमेंटरी एग्जाम लिखने के बाद और ग्रेस देने के बाद भी आज पास नहीं हुए। मतलब आपको अपने नेतृत्व के बारे में सोचना पड़ेगा। ...(**व्यवधान**)... मोदी जी 60 साल के बाद तीसरी बार प्रधान मंत्री बने हैं। लगभग 40 साल, 1980 के बाद आज तक किसी भी दल को 200 सीट्स प्राप्त नहीं हुई हैं, चाहे आपका यूपीए 1 हो या यूपीए 2 हो, सिर्फ बीजेपी को 240 सीट्स मिलना मामूली बात नहीं है। देश में लोक सभा चुनावों के साथ ही चार राज्यों में भी चुनाव हुए। आंध्र प्रदेश में एनडीए की एक लैंडस्लाइड विक्टरी हुई। इतिहास में पहली बार ओडिशा में बीजेपी सरकार में आई है। सिक्किम में भी पहली बार एनडीए सरकार बनी और अरुणाचल प्रदेश में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है। इतना ही नहीं, जहां कांग्रेस शासन में है - हिमाचल प्रदेश, कर्णाटक और तेलंगाना - मैं बताना चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश में तो कांग्रेस का सफाया हो गया, चारों सीट्स बीजेपी ने हासिल की। कर्णाटक में कांग्रेस सरकार होने के बाद भी आज एनडीए ने 19 सीट्स प्राप्त कीं और कांग्रेस को सिर्फ 9 सीट्स प्राप्त हुईं। मैं तेलंगाना से आता हूं। वहां आपकी सरकार बने पांच महीने भी नहीं हुए हैं और वहां लोगों को गारंटी के नाम पर गुमराह किया गया। वहां आज लोग तड़प रहे हैं और वे बदलाव चाहते हैं। वे विकल्प के रूप में बीजेपी की ओर देख रहे हैं। तेलंगाना में 8 सीट्स प्राप्त करना और 35 प्रतिशत वोट हासिल करना बीजेपी के लिए संभव हुआ है।

सभापति महोदय, मैं आपको पूरा विश्वास दिलाता हूं कि जब भी तेलंगाना में चुनाव होंगे, वहां जरूर डबल इंजन की सरकार बनेगी। उत्तराखंड में भी भारतीय जनता पार्टी ने पूरी सीट्स हासिल की हैं। चुनाव के समय मेरा तेलंगाना के अलावा कई राज्यों में प्रवास रहा है। जहां भी देखो कांग्रेस के दो ही नारे थे - संविधान और आरक्षण का मुद्दा। मैं आरक्षण के बारे में यह कहना चाहता हूं कि इसमें कांग्रेस को बात करने का कोई नैतिक हक नहीं है। मोदी जी की सरकार में 10 साल के अंदर कोई आरक्षण नहीं घटा है। आज मोदी जी ने एससी, एसटी, ओबीसी के अलावा महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण दिया। आप जो असंभव मानते थे, उसे संभव करके दिखाया। आपने यूपीए में 10 साल तक रहने के बाद भी आरक्षण नहीं दिया। यह अलग आरक्षण दिया गया है। इतना ही नहीं एससी, एसटी, ओबीसी के अलावा सवर्णों के लिए, जो गरीब परिवार के थे, उनको भी आर्थिक रूप से अलग आरक्षण दिया। इसके अलावा 10 परसेंट ईडब्ल्यूएस को भी दिया गया। इतना ही नहीं, जहां 70 साल से आरक्षण नहीं था, वहां जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाने के बाद पहली बार एससी, एसटी और ओबीसी को आरक्षण दिया जा रहा है - यह मोदी जी की सरकार है।

सर, मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा। आपने दुष्प्रचार किया और फेक वीडियो भी बनाए। आपने प्राइम मिनिस्टर का फेक वीडियो बनाकर चुनाव के समय में दुष्प्रचार किया। उसके बाद गृह मंत्री का भी आरक्षण के बारे में फेक वीडियो बनाकर कांग्रेस के सोशल हैंडल के माध्यम से दुष्प्रचार के बाद भी आज एनडीए को जनादेश दिया गया। मैं आपका ज्यादा समय न लेते हुए सिर्फ इतना कहना चाहता हूँ कि मोदी जी की सरकार का जो संकल्प है - विकसित भारत, लोगों ने आज विकसित भारत के अनुकूल जनादेश दिया है।

इसलिए महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर जो धन्यवाद प्रस्ताव रखा गया है, मैं उसका समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूँ। बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Now, hon. Prime Minister to reply to the discussion.

प्रधान मंत्री (श्री नरेन्द्र मोदी): आदरणीय सभापति जी, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद देने के लिए मैं भी इस चर्चा में शामिल हुआ हूँ। राष्ट्रपति महोदया के भाषण में देशवासियों के लिए प्रेरणा भी थी, प्रोत्साहन भी था और एक प्रकार से सत्य मार्ग को पुरस्कृत भी किया गया था। आदरणीय सभापति जी, पिछले दो-ढाई दिन में इस चर्चा में करीब 70 माननीय सांसदों ने अपने विचार रखे हैं। इस चर्चा को समृद्ध बनाने के लिए राष्ट्रपति महोदया के अभिभाषण को व्याख्यायित करने में आप सभी माननीय सांसदों ने जो योगदान दिया है, इसके लिए मैं आप सबका भी आभार व्यक्त करता हूँ।

आदरणीय सभापति जी, भारत की आजादी के इतिहास में हमारी संसदीय लोकतांत्रिक यात्रा में बहुत दशकों बाद देश की जनता ने एक सरकार को तीसरी बार देश की सेवा करने का अवसर दिया है। 60 साल के बाद यह हुआ है कि 10 साल के बाद किसी एक सरकार की फिर से वापसी हुई है। मैं जानता हूँ कि भारत के लोकतंत्र की 6 दशक के बाद आई हुई यह घटना असामान्य घटना है। कुछ लोग जान-बूझ कर उससे अपना मुँह फेर कर बैठे रहे, कुछ लोगों को समझ नहीं आया और जिनको समझ आया, उन्होंने उस दिशा में हो-हल्ला किया, ताकि देश की जनता की इस विवेक बुद्धि पर, देश की जनता के इस महत्वपूर्ण निर्णय पर कैसे छाया कर दी जाए, कैसे उसको ब्लैक आउट किया जाए, इसकी कोशिश हुई। लेकिन मैं पिछले दो दिनों से देख रहा हूँ कि आखिर तक पराजय भी स्वीकार हो रही है और दबे मन से, कम मन से विजय भी स्वीकार हो रही है।

आदरणीय सभापति जी, कांग्रेस के हमारे कुछ साथियों को मैं हृदय से धन्यवाद करना चाहता हूँ, क्योंकि जब नतीजे आए, तब से हमारे एक साथी की तरफ से - मैं देख रहा था कि उनकी पार्टी उनका समर्थन तो नहीं कर रही थी, लेकिन वे अकेले झंडा लेकर दौड़ रहे थे। मैं कहता हूँ कि वे जो कहते थे, उसके लिए उनके मुँह में घी-शक्कर। यह मैं क्यों कह रहा हूँ, क्योंकि उन्होंने बार-बार ढोल पीटा था कि यह एक-तिहाई सरकार है। इससे बड़ा सत्य और क्या हो सकता है कि हमारे 10 साल हुए हैं, 20 साल और बाकी हैं, तो एक-तिहाई हुआ है। ...(**व्यवधान**)... एक-तिहाई हुआ है, दो-तिहाई बाकी है और इसलिए उनकी इस भविष्यवाणी के लिए उनके मुँह में घी-शक्कर! ...(**व्यवधान**)...

आदरणीय सभापति जी, 10 वर्षों के अखंड, एकनिष्ठ और अविरत सेवाभाव से किए हुए कार्य को देश की जनता ने जी भर कर समर्थन दिया है। ...(**व्यवधान**)... देश की जनता ने आशीर्वाद दिये हैं।

आदरणीय सभापति जी, इस चुनाव में देशवासियों की विवेक, बुद्धि पर हमें गर्व होता है, क्योंकि उन्होंने प्रोपेगेंडा को परास्त कर दिया है। ...(**व्यवधान**)... देश की जनता ने परफॉर्मेंस को प्राथमिकता दी है। देशवासियों ने भ्रम की राजनीति को ठुकराया है और भरोसे की राजनीति पर विजय की मुहर लगाई है। ...(**व्यवधान**)...

आदरणीय सभापति जी, हम संविधान के 75वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। यह पड़ाव इस सदन के लिए भी विशेष है, क्योंकि इसे भी 75 साल हुए हैं और इसलिए यह एक सुखद संयोग है। आदरणीय सभापति जी, मेरे जैसे बहुत से लोग इस देश के सार्वजनिक जीवन में हैं, जिनके परिवार में कोई गाँव का सरपंच भी नहीं रहा है, गांव का प्रधान भी नहीं रहा है, किसी का राजनीति से कोई सरोकार नहीं रहा है, लेकिन आज अनेक महत्वपूर्ण पदों पर पहुँच कर वे देश की सेवा कर रहे हैं। उसका कारण यह है कि बाबा साहेब अम्बेडकर ने जो संविधान दिया है, उसने हम जैसे लोगों को अवसर दिया है। ...(**व्यवधान**)... मेरे जैसे अनेक ऐसे लोग हैं, जिनको बाबा साहेब अम्बेडकर द्वारा दिए गए संविधान के कारण यहाँ तक आने का अवसर मिला है और जनता जनार्दन ने उस पर मुहर लगाई तथा हमें तीसरी बार आने का मौका मिल गया। ...(**व्यवधान**)...

आदरणीय सभापति जी, संविधान हमारे लिए कोई आर्टिकल्स का कम्पाइलेशन मात्र नहीं है, हमारे लिए उसकी स्पिरिट भी और उसके शब्द भी बहुत मूल्यवान हैं। हमारा मानना है कि किसी भी सरकार के लिए, किसी भी सरकार के नीति-निर्धारण में, कार्यकलापों में हमारा संविधान लाइट-हाउस का काम करता है, दिशा-दर्शक का काम करता है, हमारा मार्गदर्शन करता है।

आदरणीय सभापति जी, मुझे याद है कि जब लोक सभा में हमारी सरकार की तरफ से कहा गया कि हम 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाएँगे, तो मैं हैरान हूँ कि जो आज संविधान की प्रति लेकर कूदते रहते हैं, दुनिया में लहराते रहते हैं, उन लोगों ने इसका यह कह कर विरोध किया था कि 26 जनवरी तो है, तो यह संविधान दिवस क्यों लाए हैं!...(**व्यवधान**)... आज संविधान दिवस के माध्यम से देश के स्कूल, कॉलेजों में संविधान की भावना, संविधान की रचना में किसकी क्या भूमिका रही है, देश के गणमान्य महापुरुषों ने संविधान के निर्माण में किन कारणों से कुछ चीजों को छोड़ने का निर्णय किया, किन कारणों से कुछ चीजों को स्वीकार करने का निर्णय किया - इसके विषय में हमारे स्कूल्स, कॉलेजेज़ में विस्तार से चर्चा हो, निबंध स्पर्धाएँ हों, चर्चा सभाएँ हों, ताकि संविधान के प्रति व्यापक रूप से आस्था का भाव जगे और संविधान के प्रति समझ विकसित हो। देशवासियों के लिए आने वाले पूरे कालखंड में संविधान हमारी सबसे बड़ी प्रेरणा रहे, इसके लिए हम कोशिश करते रहे हैं। अब जब हम 75वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, तो हमने इसे एक जन-उत्सव के रूप में, राष्ट्रव्यापी उत्सव मनाने का तय किया है। ...(**व्यवधान**)... इससे देश के कोने-कोने में संविधान की भावनाओं को, संविधान के पीछे जो मकसद है, उसके विषय में भी देश को अवगत कराने का प्रयास हो। ...(**व्यवधान**)...

आदरणीय सभापति जी, देश की जनता ने हमें तीसरी बार जो अवसर दिया है, वह अवसर विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत के लिए दिया है। इस यात्रा को मजबूती देने के लिए, इस संकल्प को सिद्धि तक ले जाने के लिए हमें देश के कोटि-कोटि जनों ने आशीर्वाद दिया है। ...(**व्यवधान**)...

आदरणीय सभापति जी, यह चुनाव 10 वर्ष की सिद्धियों पर तो मुहर है ही, लेकिन इस चुनाव में भविष्य के संकल्पों के लिए भी देश की जनता ने हमें चुना है, क्योंकि देश की जनता का एकमात्र भरोसा हम पर होने के कारण आने वाले सपनों, संकल्पों को सिद्ध करने के लिए हमें अवसर दिया है। ...(**व्यवधान**)...

आदरणीय सभापति जी, देश भली-भाँति जानता है कि देश ने पिछले 10 वर्षों में हमारे देश की अर्थव्यवस्था को 10वें नंबर से 5वें नंबर पर पहुँचाने में सफलता पाई है। ...(**व्यवधान**)... जैसे-जैसे नंबर निकटता की सिद्धि की तरफ पहुँचता है, एक की तरफ पहुँचता है, तो चुनौतियाँ भी बढ़ती हैं। कोरोना के कठिन कालखंड के बावजूद, संघर्ष की वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद भी, तनाव के वातावरण के बावजूद भी हम अपने देश की अर्थव्यवस्था को 10 नंबर से आज विश्व में पांच नंबर पर पहुँचाने में सफल हुए हैं। ...(**व्यवधान**)... इस बार देश की जनता ने हमें पांच नंबर से तीन नंबर की इकोनॉमी पर पहुंचाने के लिए जनादेश दिया है और मुझे पक्का विश्वास है कि इस देश की जनता ने हमें जो जनादेश दिया है, हम भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व के टॉप तीन में पहुंचाकर रहेंगे। ...(**व्यवधान**)...

आदरणीय सभापति जी, मैं जानता हूँ कि यहां कुछ ऐसे विद्वान हैं, जो यह मानते हैं कि इसमें क्या है, यह तो होने ही वाला है, यह तो अपने आप तीसरे नंबर पर पहुँचने वाली है, यह तो अपने आप हो ही जाएगा। ऐसे विद्वान हैं। अब ये लोग ऐसे हैं, जिन्होंने ऑटो पायलट मोड पर या रिमोट पायलट मोड पर सरकार चलाने का काम किया है, इसलिए ये कुछ करने-धरने में विश्वास नहीं करते हैं। ये कुछ करने-धरने में विश्वास नहीं करते हैं, ये इंतजार करना जानते हैं, लेकिन हम परिश्रम में कोई कमी नहीं रखते हैं। पिछले 10 वर्षों में हमने जो किया है, हम आने वाले वर्षों में उसकी गति भी बढ़ाएंगे, उसका विस्तार भी बढ़ाएंगे। उसमें गहराई भी होगी, ऊंचाई भी होगी और हम इस संकल्प को पूरा करेंगे। ...(**व्यवधान**)...

आदरणीय सभापति जी ,चुनाव के दरमियान मैं देशवासियों को कहता था कि जो 10 साल हमने काम किया है, हमारे जो सपने और संकल्प हैं, उसके हिसाब से तो यह appetizer है, main course तो अभी शुरू हुआ है। आदरणीय सभापति जी, आने वाले पाँच साल मूल सुविधाओं के saturation के हैं और एक सामान्य नागरिक की जो रोजमर्रा की जिंदगी की आवश्यकताएं होती हैं, एक गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए जिन व्यवस्थाओं की, जिन सुविधाओं की, जिस प्रकार की governance की आवश्यकताएं होती हैं, हम इन मूलभूत सुविधाओं के saturation के योग के रूप में उनको परिवर्तित करना चाहते हैं। ...(**व्यवधान**)...

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Sir, please allow the LoP to speak.

श्री नरेन्द्र मोदीः आदरणीय सभापति जी, आने वाले पाँच वर्ष गरीबों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई के हैं। ...(**व्यवधान**)... आने वाले पाँच वर्ष गरीबी के खिलाफ गरीबों की लड़ाई के हैं। मैं यह मानता हूँ कि गरीब जब गरीबी के खिलाफ लड़ाई के लिए एक सामर्थ्य के साथ खड़ा हो जाता है, तो गरीबों की गरीबी के खिलाफ की लड़ाई सफलता को प्राप्त करती है। इसलिए आने वाले 5 साल गरीबी के खिलाफ लड़ाई के निर्णायक वर्ष होंगे ...(**व्यवधान**)... और यह देश गरीबी के खिलाफ लड़ाई में विजयी होकर रहेगा। ...(**व्यवधान**)... मैं यह पिछले 10 साल के अनुभव के आधार पर बहुत विश्वास के साथ कह सकता हूं। ...(**व्यवधान**)...

आदरणीय सभापति जी, जब हमारा देश दुनिया की तीसरी बड़ी इकोनॉमी बनेगा, तब इसका लाभ, इसका प्रभाव जीवन के हर क्षेत्र पर पड़ने वाला है। विकास के, विस्तार के अनेक

अवसर उपलब्ध होने वाले हैं। इसलिए जब हम दुनिया की तीसरे नम्बर की इकोनॉमी बनेंगे, तब भारत के हर स्तर पर सकारात्मक प्रभाव तो होगा, साथ ही वैश्विक परिवेश में भी अभूतपूर्व प्रभाव पैदा होने वाला है।

आदरणीय सभापति महोदय, हम आने वाले कालखंड में नए स्टार्टअप्स का, नई कम्पनियों का वैश्विक उभार देख रहे हैं। मैं देख रहा हूं कि आने वाले कालखंड में हमारी टियर-2, टियर-3 सिटीज़ भी growth engine की भूमिका में देश में बहुत बड़ा contribution करने जा रही हैं।

आदरणीय सभापति जी, यह शताब्दी technology driven शताब्दी है। इसलिए हम कई नए सेक्टर्स में नए फुटप्रिंट्स भी अवश्य रूप से देखेंगे। ...(**व्यवधान**)... महोदय, आने वाले 5 साल में पब्लिक ट्रांसपोर्ट में बहुत तेजी से बदलाव आने वाला है ...(**व्यवधान**)... और इसका लाभ भारत के कोटि-कोटि जनों को जल्द से जल्द मिले, उस दिशा में हम गम्भीरता से आगे बढ़ना चाहते हैं। ...(**व्यवधान**)...

आदरणीय सभापति महोदय, भारत की विकास यात्रा में हमारे छोटे शहर, ...(**व्यवधान**)... चाहे खेल जगत हो, चाहे शिक्षा जगत हो, चाहे innovation हो, चाहे पेटेंट की रजिस्ट्री हो ...(**व्यवधान**)... मैं सब देख रहा हूं कि हमारे छोटे-छोटे शहर, हज़ारों की तादाद में शहर भारत में विकास का एक नया इतिहास रचने वाले हैं। ...(**व्यवधान**)...

आदरणीय सभापति जी, मैंने पहले भी कहा है कि भारत की विकास यात्रा में 4 प्रमुख स्तम्भ हैं ...(**व्यवधान**)... उनका सशक्तीकरण, उनको अवसर ...(**व्यवधान**)... ये बहुत बड़ी ताकत देने वाले हैं। ...(**व्यवधान**)... महोदय, वे हमारे देश के किसान, हमारे देश के गरीब, हमारे देश के युवा और हमारे देश की नारी शक्ति हैं। ...(**व्यवधान**)...

आदरणीय सभापति महोदय, हमने हमारी विकास यात्रा में, हमारा जो फोकस है ...(**व्यवधान**)... उसको रेखांकित किया है।...(**व्यवधान**)... सभापति जी, यहां पर कई साथियों ने खेती और किसानी को लेकर, हरेक ने विस्तार से अपने विचार रखे हैं और सकारात्मक रूप से अनेक बातें भी रखी हैं।...(**व्यवधान**)... मैं किसानों को लेकर सभी सदस्यों का और उनकी भावनाओं का आदर करता हूं। बीते दस वर्ष में, हमारी खेती हर प्रकार से लाभकारी हो, किसान के लिए लाभकारी हो, उस पर हमने ध्यान केंद्रित किया है। अनेक योजनाओं से उसको हमने ताकत देने का प्रयास किया है। चाहे फसल के लिए ऋण हो, लगातार नए बीज किसानों के लिए उपलब्ध हों, खाद की उचित कीमत हो और फसल बीमा का लाभ पहले की सारी नफरतें दूर करके किसानों को सरलता से उपलब्ध हो - ऐसी व्यवस्था हमने की है।...(**व्यवधान**)... चाहे एमएसपी पर खरीद की बात हो, हमने पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़कर किसानों को लाभ पहुंचाया है। एक प्रकार से बीज से बाजार तक हमने किसानों के लिए हर व्यवस्था को बहुत माइक्रो प्लानिंग के साथ मजबूती देने का भरपूर और भरसक प्रयास किया है, हमने व्यवस्था को चाक-चौबंद किया है।...(**व्यवधान**)...

आदरणीय सभापति जी, पहले हमारे देश में छोटे किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, लोन पाना करीब-करीब न के बराबर था, बहुत मुश्किल था, जबकि उनकी संख्या सबसे अधिक थी। आज हमारी नीतियों के कारण किसान क्रेडिट कार्ड के विस्तार के कारण...(**व्यवधान**)...हमने किसानी को एक व्यापक स्वरूप में देखा है और उस व्यापक स्वरूप में हमने पशुपालकों और

मछुआरों को किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ मुहैया कराया है। इसके कारण हमारे किसानों के खेती के काम को, उसके विस्तार को भी मजबूती मिली है - उस दिशा में भी हमने काम किया है।...(**व्यवधान**)...

महोदय, कांग्रेस के कार्यकाल में दस साल में एक बार किसानों की कर्ज माफी के बहुत ढोल पीटे गए और बढ़-चढ़कर बातें बताकर किसानों को गुमराह करने का भरसक प्रयास किया गया। ...(**व्यवधान**)... आज, 60 हजार करोड़ की कर्ज माफी का बहुत हल्ला मचाया गया और एक अनुमान था कि उसके लाभार्थी देश के तीन करोड़ गरीब किसान थे। सामान्य गरीब, छोटे किसान का तो उसमें नामो-निशान नहीं था, जिसको उसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। इनकी योजना में उसकी कोई परवाह नहीं थी और उन तक कोई लाभ पहुंच भी नहीं पाया था।

आदरणीय सभापति जी, जब किसान कल्याण हमारी सरकार के हृदय में, केंद्र में हो, तो नीतियां कैसे बनती हैं, कल्याण कैसे होता है, लाभ कैसे पहुंचता है, उसका मैं इस सदन को एक उदाहरण देना चाहता हूं। ...(**व्यवधान**)...

आदरणीय सभापति जी, हमने 'प्रधान मंत्री किसान सम्मान योजना' चलाई और पी.एम. किसान सम्मान योजना का लाभ 10 करोड़ किसानों को हुआ है। ...(**व्यवधान**)...

THE LEADER OF THE OPPOSITION (SHRI MALLIKARJUN KHARGE): Chairman, Sir*...(Interruptions)...*

MR. CHAIRMAN: I have to go by the rules. You are aware of the rules. *...(Interruptions)...* This conduct is not appropriate. I strongly condemn this unparliamentary practice. *...(Interruptions)...* I strongly condemn degeneration of the House. Please take your seats. *...(Interruptions)...* I call upon the Members to take their seats. *...(Interruptions)...* It is unbecoming of your conduct. *...(Interruptions)...*

(*At this stage, some hon. Members left the Chamber.*)

श्री नरेन्द्र मोदी: पिछले 6 साल में तीन लाख करोड़ रुपए हम किसानों को दे चुके हैं। ...(**व्यवधान**)... आदरणीय सभापति जी, देश देख रहा है कि झूठ फैलाने वालों में सत्य सुनने की ताकत भी नहीं होती है। ...(**व्यवधान**)... सत्य का सामना करने के लिए उनके पास हौसले नहीं हैं, इतनी चर्चा के बाद भी उनमें उठाए गए सवालों को सुनने की हिम्मत नहीं है। वे अपर हाउस को अपमानित कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... वे अपर हाउस की महान परम्परा को अपमानित कर रहे हैं। आदरणीय सभापति जी, देश की जनता ने उनको हर तरह से इतना पराजित कर दिया है कि अब उनके पास गली-मोहल्ले में चीखने के सिवाय कोई रास्ता बचा नहीं है। नारेबाजी, हो-हल्ला और मैदान छोड़कर भाग जाना, यही उनके नसीब में लिखा हुआ है।